# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

**एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२६ -२७**

**कक्षा:-**तीन **विषय:हिंदी** **पाठ: पाठ-४ ( नाई और बाघ)**

कठिन शब्द

१. हजामत

२. बेमौत

३. तरकीब

४. वनभोज

५. कायर

६. सयाना

७. आईना

८. सावधान

९. बरगद

१०. खबरदार

११. रफ़ूचक्कर होना

१२. आग बबूला होना

निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए --------

प्रश्न १. बाघ को आता देखकर नाई ने क्या सोचा ?

उत्तर - बाघ को आता देखकर नाई ने सोचा कि आज तो मैं बेमौत मारा जाऊँगा ।

प्रश्न २. बाघ ने आईने में मुहँ देखकर क्या सोचा ?

उत्तर - बाघ ने आईने में मुहँ देखकर सोचा कि इस नाई की बात तो सही है। इसने एक बाघ को पकड़ रखा है।

प्रश्न ३. वनभोज के समय बाघ ने अपने साथियों को क्या किस्सा सुनाया ?

उत्तर - वनभोज के समय बाघ ने अपने साथियों को नाई और आईने वाली घटना सुनाई।

प्रश्न ४ . बंदर के नीचे गिरने पर सभी बाघ क्यों भाग खड़े हुए ?

उत्तर - बंदर के नीचे गिरने पर सभी बाघ डरकर भाग खड़े हुए क्योंकि उन्हें लगा कि नाई ने बाघ को पकड़ने के लिए किसी को भेजा है।

निम्न शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ------

क) हजामत - उस्तरे से बाल- दाढ़ी बनना

वाक्य -- नाई हजामत बनाने के लिए गाँव-गाँव जाता था।

ख) तरकीब - उपाय

वाक्य -- पानी की कमी को दूर करने के लिए सरकार ने नई तरकीब निकाली।

ग) सयाना -- चालाक

वाक्य -- रोहन बहुत सयाना लड़का है।

घ) रफ़ूचक्कर होना -- भाग जाना

वाक्य - पुलिस को देखकर चोर रफ़ूचक्कर हो गया।